तापमान
अधिकतम 45 .5 डिग्री
न्यूनतम 25 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024

12 शंभू बॉर्डर पर किसानों की प्लानिंग, हरियाणा पंजाब में मतदान ...



12 बेहतर भविष्य व देश के विकास के लिए करें मतदान



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में 17 साल से फरार आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने चोरी के मामले में पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर आकर फरार होने वाले आरोपी इंतजार निवासी गांव दौघट जिला बागपत हाल निवासी बनत जिला शामली यूपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी इंतजार पानीपत में विकास नगर में किराये के कमरे में रहता था। आरोपी ने 2 नवम्बर 2003 को पास में किराये के कमरे पर रहने वाले अपने गांव निवासी अरूण के कमरे से 1.16लाख रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। थाना चांदनी बाग में अरूण पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी दौघट शामली यूपी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### सनौली पुलिस ने मादक पदार्थ सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस की टीम 480 ग्राम चरस तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर शाहरूख को उसके गांव मंडावर जिला शामली, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर पानीपत लाई है। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शाहरूख ने करनाल के गुरू नानकपुरा के सौरभ व राम नगर के जयबीर को 480 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। नशे की यह खेप शाहररूख ने आरोपियों को बीस हजार रूपये में बेची थी।

### अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में जेके स्कूल के पास गली से सोनू निवासी बतरा कॉलोनी का अपहरण कर उसे गंभीर चोट मारने के मामले में विनोद निवासी गांव गोली जिला करनाल हाल निवासी बतरा कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी विनोद पर थाना पुराना औद्योगिक में बतरा कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र कृष्ण की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हेरोइन व कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र हाथी खाना मन्दिर के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी नीशु व नवनीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करते हैं। पुलिस ने हाथी खाना मंदिर के पास बनी पीर बाबा की दरगाह के पास नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल गर्म हवा के कारण बाजार सुनसान

## कूलर और पंखे की हवा भी लोगों के काम नहीं आ रही, ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूरज के सख्त तेवर से गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बढ़ते तापमान ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री से ज्यादा पहुंच गया है। कूलर और पंखे की हवा भी लोगों के काम नहीं आई। गर्मी से लोगों का हलक सूखता रहा तो कमरे के भीतर पंखे की हवा में पसीना पोछना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में धूप से बचने के लिए लोग पेड़ की छांव खोजते रहे। गर्मी की तपिश जिस तरह से है, उससे लोगों की मुश्किल और बढ़ने वाली है। शाम तक गर्म हवा चलती रही, जिस कारण दुकान और बाजार में सन्नाटा रहा। गर्मी के कारण व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। सुबह दस बजते ही तेज धूप से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के चलते बाजारों में भी चहल-पहल कम है। शाम के समय कुछ भीड़ बाजारों में दिखाई देती है। गर्मी के कारण दोपहर के समस सड़कें सुनसान नजर आती हैं, लोग केवल आवश्यक कार्यों को लेकर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। शहर के मार्गों बाजारों के साथ-साथ बस अड्डा रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या में कमी आती नजर रही है। भीषण गर्मी से बचाव को लेकर ठंडे पेय पदार्थो की डिमांड बढ़ रही है। वीरवार को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसानों से अपील है कि इस मौसम में हरे चारा व सब्जियों की फसल को बचाने के लिए खेतों में पानी देते रहें ताकि नमी बनी रहे। रात के तापमान में वृद्धि होने के चलते लोगों को और भी परेशानी हो रही है। वही गर्मी बढ़ते ही मौसमी बीमारी बढ़ने लगी है। इसमें डायरिया, त्वचा, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉइजनिंग आदि बीमारी शामिल है। चिकित्सक डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि शरीर से जब पसीना निकलता है तो शरीर में पानी और नमक की मात्रा काफी कम हो जाती है, इससे शरीर की पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है, इस वजह से उल्टी और दस्त की शिकायत बढ़ जाती है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में धूप से बचने के लिए लोग पेड़ की छांव खोजते रहे



कुरुक्षेत्र। गर्मी से बचने के लिए कपड़े से मुंह ढककर जाता वाहन चालक।

### नियमित अंतराल में पिएं पानी

डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि इस मौसम में नियमित अंतराल पर खूब पानी पिएं और अधिक पसीना निकल रहा है तो दिन में ओआरएस का घोल जरूर पिएं। बच्चे को 11 से शाम 4 बजे तक धूप के संपर्क में ना आने दें। मौसमी फलों का सेवन करें और खाने-पीने में तैलिय पदार्थ का सेवन कम करें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए दिन के सबसे ज्यादा गर्मी वाले समय में, घर से बाहर नहीं निकलें। अत्यधिक मात्रा में पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ढीले ढाले लाइट कलर के सूती कपड़े पहने जो पसीना को अच्छे से सोख लेता है।

# अर्धनग्न होकर कड़ी धूप में निकाली बेरोजगार पद यात्रा



कुरुक्षेत्र। अर्धनग्न होकर पैदल यात्रा निकालते बेरोजगार युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर वीरवार को युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। युवा विरोध प्रदर्शन में पैदल यात्रा निकालकर सीएम के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर युवा द्वारा अर्धनग्न होकर बेरोजगार पद यात्रा निकाली जा रही है। युवाओं द्वारा पद यात्रा पंचकूला से शुरू की गई है। यह यात्रा करनाल तक चलेगी और करनाल में मुख्यमंत्री के समक्ष युवा अपनी मांग रखेंगे। वीरवार को यह यात्रा कुरुक्षेत्र पहुंची। यात्रा में शामिल युवाओं का कहना है वह 750 लोग है, जिन्हें भर्ती नहीं किया जा रहा जबकि वो एलिजिबल हैं और उनकी भर्ती को स्वीकार नहीं किया जा रहा। उन्हें दफ्तर के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। वह दमकल विभाग जाते हैं तो उन्हें एचएसएससी दफ्तर भेजा जाता है और एचएसएससी दफ्तर जाते हैं तो उन्हें दमकल की तरफ भेज दिया जाता है। वह मुख्यमंत्री से भी मिल चुके है, उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया था, लेकिन कोई हल नहीं हुआ। इसलिए अब वह पदयात्रा कर रोष जता रहे हैं।

■ फायरमैन ऑपरेटर कम ड्राइवर भर्ती को लेकर युवाओं द्वारा निकाली जा रही पद यात्रा

युवा विनोद ने बताया कि वर्ष 2023 दिसंबर में हुई फायर मैन की भर्ती में परीक्षा हुई थी। परीक्षा में प्रदेश के 1400 युवा पास हुए थे। पास होने के बाद भी उन्हें भर्ती नहीं किया गया। इसी को लेकर वे अर्धनग्न अवस्था में कड़ी धूप में पैदल यात्रा कर रहे हैं।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधितअखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज महासंघ) के सदस्यों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर शहर के दशहरा ग्राउंड में प्रदर्शन व कन्वेंशन का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगो की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

■ प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर लगाया रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप

शुक्रवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य जिला प्रधान सोमनाथ के नेतृत्व में शहर के दशहरा ग्राउंड में एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने मौके पर कन्वेंशन का आयोजन कर सरकार की रिटायर्ड कर्मचारियों के प्रति बरते जा रहे व्यवहार की कड़ी निंदा की। जिला प्रधान सोमनाथ व सचिव जोत सिंह रावत ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी कर्मचारी संघ अपनी मांगो को लेकर पिछले काफी समय से संघर्ष कर रहा है। लेकिन अभी तक सरकार ने उनकी मांगे पूरी नहीं की हैं। जिसकी वजह से रिटायर्ड कर्मचारी उत्पीडन का शिकार हो रहे हैं।



यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में मांगो को लेकर प्रदर्शन करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं मांगें

उन्होंने सरकार से पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 70 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत बेसिक पेंशन में वृद्धि दिए जाने, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये मासिक व कैशलेस उपचार की सुविधा दिए जाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने, कॉम्यूटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष किए जाने, वरिष्ठ नागरिकों को बसों व हवाई यात्रा में पहले की तरह किराया में रियायत दिए जाने, बिजली संशोधन बिल 2023 रद्द किए जाने, निजीकरण पर रोक लगाए जाने आदि की मांग की।

# पुलिस के तीन अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी

## कोर्ट ने तीनों आरोपी अफसरों को कोर्ट में पेश करने के लिए एसपी को आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला कोर्ट ने शुक्रवार को तीन पुलिस अधिकारियों सब इंस्पेक्टर विनोद व संदीप व सहायक सब इंपेक्टर जगमेंद्र के वारंट जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत को आदेश किए है वे तीनों पुलिस अधिकारियों को कोर्ट में पेश करें। वहीं कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि तीनों पुलिस कर्मियों को दो बार समन और जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद भी तीनों कोर्ट में पेश नहीं हुए। इधर, तीनों पुलिस अधिकारियों ने पेश न होकर अपना लिखित जवाब कोर्ट में दाखिल करवाया है। जोकि पेशी होने की सूरत में मान्य नहीं है। कोर्ट ने इस केस की सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारिख तय की है। वही, तीनों पुसिल अफसर कोर्ट में पेश हो इसके लिए एसपी शेखावत को भी कोर्ट ने आदेश दिए हैं।

■ दो पुलिस कर्मियों के साथ छेडखानी करने के केस में महिला पुलिस अफसर के जाली हस्ताक्षर करने का मामला

स्मरणीय है कि सब इंपेक्टर विनोद व संदीप और एएसआई जगमेंद्र ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश सिंघल की कोर्ट में अपील की थी कि उनका जो मामला निचली अदालत में चल रहा है, कोर्ट उस पर रोक लगाए। साथ ही निचली अदालत के आदेशों को भी चुनौती दी थी। वही, एएसजे नरेश सिंघल की कोर्ट ने उनकी इस अपील को खारिज कर दी थी।

### यह है मामला

17 जून सन 2023 को सेक्टर 13-17 थाना में कानूनी सलाहकार डॉ. प्रदीप कुमार, एडवोकेट सुनीता कश्यप और उनके पति सतपाल कश्यप के खिलाफ दो महिला पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया था। कानून के मुताबिक महिला से छेड़छाड़ के मामले में जांच अधिकारी महिला पुलिसकर्मी को बनाया जाना चाहिए था। मगर पुलिस ने इस केस की जांच एक पुरुष सहायक सब इंपेक्टर को सौंप दी थी। वही, तीनों ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ली। चार जुलाई को पुलिस ने हालात मुकदमा कोर्ट में पेश किया था। जिस पर महिला जांच अधिकारी एएसआई सुरेश कुमारी के हस्ताक्षर थे। दूसरी ओर, डॉ. प्रदीप कुमार को थाना में ही तैनात एक पुलिसकर्मी ने बताया कि महिला जांच अधिकारी सुरेश कुमारी ने इस केस में किसी भी तरह की कोई भी कार्रवाई, हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसमें हालात मुकदमा, नक्शा नजरी, 161 सीआरपीसी, प्रथम जीवनी व अन्य सभी दस्तावेजों पर सुरेश कुमारी के जाली हस्ताक्षर किए गए हैं। वही, सभी सबूत जुटाने के बाद इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई। जिसकी जांच 110 दिन तक चली। 21 नवंबर सन 2022 को एएसआई सुरेश कुमारी को शामिल जांच किया गया। सुरेश कुमारी ने इस पूरे फजीवाड़े को उजागर करते हुए हस्ताक्षर खुद के होने से मना कर दिया। इधर, डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि एएसआई सुरेश कुमारी ने अदालत में इन सभी के खिलाफ बयान दिए हैं। जिसमें उन्होंने अदालत में मान लिया कि तत्कालीन थाना प्रभारी दीपक कुमार व एक उनसे पहले रहे इंचार्ज ने यह न्यायालय में उसके जाली हस्ताक्षर कर अंतिम चालान रिपोर्ट पेश की है। इधर, इंस्पेक्टर दीपक कुमार न्यायालय में पेश नहीं हुए तो उनकी सैलरी अटैच करने की याचिका लगाई गई। जिसके बाद कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

# जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव अलाहर में शुक्रवार को जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अमित कांबोज बुबका व राजीव आर्य सन्नी ने कहा कि समाज के होनहार व्यक्ति विदेशों में उच्च पदों पर आसीन होकर देश व समाज का नाम रोशन कर रहे है। सांसद राहुल कांबोज के बड़े भाई भी जर्मनी में सांसद के पद पर आसीन रह चुके है। वहीं सांसद राहुल कांबोज के पिता राजकुमार का भी समाजसेवा के क्षेत्र में काफी नाम है। वह चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में आगे रहे हैं। सांसद राहुल कांबोज ने कहा कि अलाहर उनका अपना गांव है। वह रादौर या अन्य क्षेत्र में हर जरूरतमंद की सहायता करने को लेकर हर समय तैयार रहते हैं।

■ गांव अलाहर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



यमुनानगर के गांव अलाहर में जर्मनी के सांसद राहुल कांबोज का स्वागत करते समाज के लोग।

# नकाबपोश बदमाशों ने ठेकेदार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दीप नगर में वीरवार देर रात साढे.दस बजे तीन नकाबपोश बदमाशों ने ठेकेदार से चाकू व पिस्टल की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पहले से रैकी कर रहे बदमाशों ने बाइक को दूसरी गली में खड़ा किया और खाली प्लाट से होते हुए ठेकेदार अनमोल सैनी की कार तक पहुंचे। कार से उतरने लगा तो बदमाशों ने उसे दोबारा ड्राइवर सीट पर बैठा दिया। पहले तो चाकू से एक बाजू व छाती पर हमला किया और फिर पिस्टल दिखाते हुए हाथ से 16 तोले का ब्रेसलेट व सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए। यह पूरी वारदात गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घायल ने परिजनों और पुलिस को सूचित किया। महेश नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।घायल अनमोल ने बताया कि वह बिजली का ठेकेदार है। उसका खुड्डा के पास कार्यालय है। वह वीरवार को कार्यालय से वापस अपने घर जा रहा था। घर से कुछ ही दूरी पर गाड़ी खड़ी करने के बाद वह फोन पर बात कर रहा था। जैसे ही उतरने लगा तो खाली प्लाट से आए बदमाशों ने हमला कर दिया।

■ लूट की वारदात को दिया अंजाम

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## सम्मान

### कुवि कुलपति ने केयू एलुमनी व पद्मश्री महावीर गुड्डू को किया सम्मानित

# संस्कृति एवं लोक कलाओं को संजोने में कलाकारों का अमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में शुक्रवार को कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू एलुमनी व पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हरियाणा के प्रतिष्ठित लोक गायक कलाकार महावीर गुड्डू को सम्मानित करते हुए कहा कि संस्कृति एवं लोक कलाओं को संजोने में कलाकारों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री महावीर गुड्डू ने भारत ही नहीं अपितु विश्व भर में हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कला का परचम लहराकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा राज्य को भी गौरवान्वित किया है। वही हरियाणा कला परिषद में भी लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान किया गया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। गौरतलब है कि हरियाणवी संस्कृति के वाहक महावीर गुड्डू को पद्मश्री अवार्ड 22 अप्रैल 2024 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित अलंकरण समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व समस्त संस्कृति एवं लोक कलाकारों के लिए बडे.गौरव की बात है।



कुरुक्षेत्र। केयू एलुमनी व पद्मश्री महावीर गुड्डू को सम्मानित करते कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, युवा एवं सांस्कृति कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. गुरचरण सिंह, लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, चांद गुड्डू, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला व सांस्कृतिक पर्यवेक्षक डीवाईसीए डॉ. हरविन्द्र राणा मौजूद थे। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के कार्यालय प्रभारी धर्मपाल, ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज, नीजी सहायक विशाल चोपड़ा, विकास शर्मा, सपना, देवीदत्त, राजेश कुमार, सहित कला परिषद के समस्त कर्मचारियों ने भी महावीर गुड्डू को बधाई दी।

### अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने ककड़ोनी मोड से गांव शेखपुरा निवासी अरुण को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार इएचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि ककडोनी मोड के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों मं घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शेखपुरा निवासी अरूण के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बिल्डिंग ब्रांच का क्लर्क सस्पेंड, निगम कमिश्नर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की अवमानना के मामले में नोटिस जारी अब नगर निगम कमिश्नर संगीता तेतरवाल ने क्लर्क आशीष कुमार को सस्पेंड कर दिया। हाईकोर्ट ने निगम कमिश्नर संगीता तेतरवाल पर 10 हजार जुर्माना लगाया है। साथ ही उसके जमानती वारंट भी जारी किए हैं। सस्पेंड किया गया क्लर्क बिल्डिंग ब्रांच में तैनात है। कमिश्नर ने बाकायदा ऑफिस ऑर्डर निकालकर क्लर्क का हेडक्वार्टर अंबाला नगर निगम बनाया है। उन्होंने अपने ऑर्डर में चार्जशीट बाद में देने की बात कही है।पालिका विहार में 616 वर्ग गज भूमि पर निर्माण को लेकर नरेंद्रपाल मल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि नगर निगम उन्हें जमीन पर निर्माण नहीं करने दे रहा, जबकि इस प्रॉपर्टी की उन्हें एनओसी मिली हुई है और नक्शा भी पास है। जब भी निर्माण करते हैं तो उनके निर्माण को तुड़वा दिया जाता है। इसके बाद हाईकोर्ट ने कमिश्नर को नरेंद्रपाल मल की सुनवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन निगम ने मल की सुनवाई नहीं की तो हाईकोर्ट में अवमानना की याचिका दायर की थी, लेकिन नोटिस के बाद भी निगम की तरफ से कोई कोर्ट में पेश नहीं हुआ। नरेंद्र पाल जिस जमीन पर निर्माण को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे हैं, उस निर्माण पर पालिका विहार एसोसिएशन विरोध जताती रही है। एसोसिएशन का कहना था कि यह वह जमीन पार्क की है इसलिए जब भी वहां निर्माण की शुरुआत की जाती, एसो. विरोध में खड़ी हो जाती थी।

■ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की अवमानना के बाद कमिश्नर ने दिए कार्रवाई के आदेश

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में छात्रों ने जश्न मनाया

**पानीपत।** पाइट एनसीआर कॉलेज के 18 विद्यार्थियों की विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति हो गई। कॉलेज में छात्रों ने जश्न मनाया। कॉलेज मैनेजमेंट ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। सचिव सुरेश तायल व वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि टाटा, वेव टैक्स, रिवेरा, एंब्रेन इंडिया, एकेडमोर, साहिब इंटरनेशनल में छात्र-छात्राओं की प्लेसमेंट हुई है। छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज में समय-समय पर इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग कराई जाती है।

### युवकों को वकील के मुंशी को पीटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां निवासी अंकुश को उसके गांव के युवकों ने जमकर पीटा। पानीपत सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में अंकुश ने बताया कि वह, एडवोकेट सोनू छोक्कर का मुंशी है और साहिल ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की है।

### योग करने से शरीर रहता है निरोग : डॉ. संजय

**पानीपत।** हरियाणा आयोग आयोग के चेयरमैन डॉ.जयदीप आर्य और महानिदेशक आयुष विभाग अंशज सिंह के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. संजय राजपाल के मार्गदर्शन में जिला के अनेक गांवों, सरकारी स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों और व्यायामशालाओं में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु योग अभ्यास योग सहायकों द्वारा करवाया जा रहा है।

### सनौली पुलिस ने भगौड़ा को पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने न्यायालय से पीओ घोषित अनुप उर्फ भूरा निवासी गांव बिरल जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अनुप उर्फ भूरा को अक्तूबर 2017 में सीआईए श्री पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया था। बेल पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी फरार हो गया था।

### क्रिकेट का ट्रायल 20 को

पानीपत। हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तहत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन सोमवार, 20 मई की सुबह आठ बजे विजन क्रिकेट ग्राउंड, बरसत रोड, गांव भैंसवाल, पानीपत में किया जाएगा।

## ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन में मनाया विश्व हाइपरटेंशन दिवस

# छात्र रितिक धुरिया व भविया सैनी ने क्विज में प्राप्त किया प्रथम स्थान



यमुनानगर। ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में शुक्रवार को विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर बी.फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में तवलीन कौर व जगदीप सिंह ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की। क्विज में रितिक धुरिया व भविया सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र मीर और अनिकेत ने द्वितीय व अनु और शेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बी. फार्मेसी के विद्यार्थियों को उच्च रक्तचाप, इसके परिणाम और इसकी प्रचलन को कम करने के लिए उठाए जा सकने वाले निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना रहा। उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता का उदेश्य विद्यार्थियों के ज्ञान को सुदृढ़ करना और उन्हें भविष्य में अपने पेशेवर भूमिकाओं में उच्च रक्तचाप जागरूकता के लिए प्रेरक बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य वक्ता तवलीन कौर व जगदीप सिंह ने उच्च रक्तचाप के प्रबंधन के लिए आवश्यक जीवनशैली परिवर्तनों और दैनिक जीवन में संशोधनों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एंटी हाइपरटेंसिव दवाओं में हाल की उन्नतियों पर ध्यान केंद्रित किया। जिससे विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी मिली। कार्यक्रम समन्वयक अनु चौधरी व एचओडी डॉ. नेहा यादव व शिवानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## विद्यार्थी खेल खेल में सीख रहे हैं जीवन कौशल: गुप्ता

**यमुनानगर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय ममीदी में जीवन कौशल अभियान के तहत शुक्रवार को जीवन कौशल पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर, मैजिक सीट, चार्ट व मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में बीआरसी जगाधरी सुनीता गुप्ता ने भाग लिया। मौके पर शिक्षक महेंद्र सिंह कलेर मौजूद रहे। प्रदर्शनी में छठी, सातवीं व आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीआरसी जगाधरी सुनीता गुप्ता ने विद्यार्थियों से प्रदूषण के दुष्प्रभावों का संदेश देते हुए चार्ट व माडल पर सवाल जवाब पूछे। विधार्थियों ने आत्मविश्वास से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में चल रही जीवन कौशल गतिविधियों से विधार्थियों में विभिन्न जीवन कौशलों का विकास हो रहा है। विद्यार्थी खेल खेल में जीवन कौशल सीख रहे हैं। मौके पर विद्यार्थियों ने बताया कि चार्ट, मॉडल, पोस्टर व मैजित शीट बनाकर उन्हें काफी अच्छा लगा। इससे उनकी प्रतिभा भी उज्जागर होने में मदद मिली है। स्कूल की खेल अधिकारी सुनेहा ने बताया कि हमने अभी तक स्कूल में तीन जीवन कौशल संवाद, समानुभूति और आत्म जागरुकता पर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। भविष्य में और भी जीवन कौशल विधार्थियों को सिखाए जाएंगे। इस अवसर पर विधालय प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, सतीश कुमार, सीमा, सुनेहा, अंकिता, संगीता, प्रवेश कुमारी, अन्नु शर्मा, रीना, रेखा, राकेश आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। राजकीय माध्यमिक विद्यालय ममीदी में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों से मिलते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली जानी

- दिल्ली पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स और भारत स्काऊट्स के विद्यार्थी ट्रैफिक पुलिस विभाग के कर्मचारियों से मिले
- तपतपाती गर्मी में स्वयं जोखिम उठाते हुए आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर के एनसीसी कैडेट्स और भारत स्काऊट्स के विद्यार्थी शुक्रवार को सर्विस बिफोर सेल्फ के तहत ट्रैफिक पुलिस विभाग के कर्मचारियों से मिले। इस दौरान विद्यार्थियों ने यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली को जाना।

स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के जवान इस भंयकर एवं तपतपाती गर्मी में स्वयं जोखिम उठाते हुए आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं भारत स्काऊट्स के विद्यार्थी अपने कार्यस्थल पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवानों से मिले। उनकी कार्यप्रणाली को समझा एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली समझते हुए उनके प्रति कृतज्ञता की भावना पैदा करना है। इसका उद्देश्य उन्हें यह भी बताना है कि ट्रैफिक पुलिस के जवान किस प्रकार हमारी सुरक्षा हेतु दिन-रात सड़कों पर तैनात होकर यातायात और सड़क दुर्घटनाओं की रोकने के साथ-साथ यातायात के नियमों का पालन भी करवाते हैं। विद्यालय में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत हित की अपेक्षा मानव सेवा एवं सामाजिकहित को सर्वोपरि रखना सिखाया जाता है। उन्होंने इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना की और उन्हें भविष्य में इस तरह के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## सहारनपुर में मनाया जाएगा महाराजा भगीरथ का जन्मदिवस

- कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्यातिथि
- कार्यक्रम में रादौर से भारी संख्या में भाग लेंगे समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



यमुनानगर। रादौर में कार्यक्रम की जानकारी देते प्रधान संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सैनी समाज द्वारा 19 मई को सहारनपुर के महाराजा पैलेस में महाराजा भगीरथ का जन्मदिवस मनाया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल होंगे। रादौर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में समाज के लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। रादौर क्षेत्र से भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महाराजा भगीरथ ने ही गंगा का धरती पर लाने के लिए घोर तपस्या की थी। गंगा को अवतरित कराने के बाद भगीरथ के वंशज जो कपिल मुनि के श्राप से भस्म हुए थे, उन्हें मुक्ति मिली थी। तब से अब तक माता गंगा मानवों के पाप मिटाती आ रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सांसद सतपाल सैनी व संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सिंह सैनी वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान

- श्री राधाकृष्ण मंदिर जगाधरी में प्रबुद्धजनों द्वारा लोकमत परिस्कार विषय पर आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीराधाकृष्ण मंदिर जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में मतदान में भाग लेने के लिए लोगों को आहवान करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

श्री राधाकृष्ण मंदिर जगाधरी में शुक्रवार को लोकमत परिस्कार विषय पर शहर के प्रबुद्धजनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि लोकसभा चुनाव में जाति, धर्म व समुदाय से उपर उठकर मतदान करें। हालांकि लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रशासन अपने स्तर पर अभियान चला रहा है। बावजूद इसके हमारी भी जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र के इस महापर्व को त्योहार की तरह मनाएं। मतदान में हम सब की भागेदारी से ही देश को सुदृढ सरकार मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि देश में युवा वोटरों की संख्या साल दर साल बढ रही है। ऐसे में उन्हें जिम्मेदारी का अहसास करवाएं और लोकतंत्र में उनकी भागेदारी को सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत विश्व की छठी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है। जो कि सभी के लिए गर्व की बात है। कश्मीरी लाल ने कहा कि विकास के मामले में देश निरंतर दिन दुगनी और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा। जिसके विकास की ओर सरकार ने ध्यान न दिया हो। इस अवसर पर जिला संघचालक रमेश धारीवाल, नगर संघचालक मुल्कराज दुआ, सह नगर संघचालक जितेन्द. शर्मा, जिला कार्यवाह राकेश और सह जिला कार्यवाह तरुण, प्रदीप चौधरी, अश्वनी, सौरभ, देवांग, सुधीर व प्रताप आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया

- विद्यार्थियों को आंतकवाद से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को आंतकवाद से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। स्कूल के चेयरमैन ईश मेहता ने विद्यार्थियों को बताया कि आतंकवाद पूरे संसार के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। इससे केवल जन ही नहीं धन की हानि भी होती है। आतंकवाद से सामान्य जन में भय भी पैदा होता है। इससे बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। देश में अव्यवस्था का वातावरण पैदा होता है। विमान अपहरण, देश में बमबारी की घटनाओं द्वारा आतंकवाद फैलाया जाता है। इससे सामान्य जीवन बाधित होता है। आतंकवाद की इस भंयकर समस्या से निपटने हेतु सभी को एकजुट होना होगा। पूरा संसार इस दिशा में साथ मिलकर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान समय में हम नव युवकों को इस विषय में जागरूक करना होगा। इससे सभी इस संबंध में परिचित होंगे।

## आचार संहिता की अवहेलना करने वालों पर की जा रही त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए वचनबद्ध



यमुनानगर। अपने कार्यालय में मतदान की तैयारियों की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में लॉ एंड आर्डर पूरी तरह चाक चौबंद है। आदर्श आचार संहिता की अवहेलना करने वालों पर जिले में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। एफएसटी व एसएसटी टीमें फील्ड में मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं।

उक्त जानकारी शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला में 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए वचनबद्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर चुनाव से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### बीएलओ मतदाताओं को घर घर जाकर बांटेंगे वोटर स्लिप

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि बीएलओ वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप को बांटने का कार्य करेंगे। जो मतदाता इस दौरान उपलब्ध नहीं होंगे उनकी मार्किंग की जाएगी। यदि ऐसे मतदाता वोटिंग करने आते हैं तो पोलिंग ऑफिसर द्वारा उनकी गहनता के साथ जांच और वेरिफिकेशन की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की संदिग्ध और फर्जी वोटर पर पैनी नजर रहेगी। ताकि मतदान के दिन कोई अनाधिकृत व्यक्ति मताधिकार का प्रयोग न करने पाए। ऐसे वोटर पर जिला निर्वाचन विभाग की विशेष नजर रहेगी।

### राजनीतिक दल आचार संहिता की करें पालना

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने लोकसभा आम चुनाव लड़ रहे सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व निर्दलीय प्रत्याशियों से आहवान किया कि वह आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर चुनाव प्रचार सामग्री ना लगाएं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार से संबंधित अनुमति सुविधा एप के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं या फिर निर्धारित फार्म के भरकर संबंधित एआरओ कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग अपेक्षित है।

### बार्डर पर एफएसटी व एसएसटी टीम कर रही मॉनिटरिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार पुलिस विभाग की ओर से जिला में लोकसभा आम चुनाव को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। चुनाव के दौरान अवैध शराब की सप्लाई, धनबल के प्रयोग सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखते हुए जिला के बॉर्डर पर एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य पुलिस प्रशासन की टीम सजगता से अपना दायित्व निभा रही हैं। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है। ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों की हेराफेरी न की जा सके। इसके लिए जिले भर में चेकिंग बैरियर भी लगाए गए हैं जहां पर 24 घंटे जांच व निगरानी रखी जा रही।

### व्यक्ति ने रास्ते में महिला के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छप्पर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही फकीरचंद उस पर गलत नजर रखता था। 15 मई को साढ़े छह बजे वह गांव में किसी काम से जा रही थी। रास्ते में आरोपी ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

**लोक सभा चुनाव** | जिले में करीब 1500 अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया सुविधा के लिए आवेदन

# फेसिलेशन सेंटर में वोट डाल सकेंगे लोकसभा क्षेत्र से बाहर ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों व अधिकारी: कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



यमुनानगर। अधिकारियों व कर्मचारियों को फेसिलेशन सेंटर के लिए प्रशिक्षित करते सीईओ। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा क्षेत्र से बाहर ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को वोट डालने के लिए जिले में चार फेसिलेशन सेंटर बनाए गए हैं। कर्मचारी व अधिकारी 19 से 21 व 24 मई को फेसिलेशन सेंटर पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। जिले में करीब 1500 अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिन अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी उनके लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से बाहर लगी है। ऐसे मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला यमुनानगर में चार फेसिलेशन सेंटर बनाए गए है। जिनमें 07 साढौरा, 08-जगाधरी, 09-यमुनानगर तथा 10-रादौर शामिल है। उन्होंने बताया कि 19 से 21 मई तथा 24 मई को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक फेसिलेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी।

### गर्भवती महिलाओं का घर पर डलवाया जाएगा वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक व 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर न जाकर, घर पर ही वोटिंग करवाने का प्रावधान किया है। जिले में करीब ऐसे 175 मतदाताओं का चयन किया गया है जिन्होंने स्वेच्छा से फार्म 12 डी भरकर दिया है। उनके लिए भी 18 व 19 मई को गठित कमेटी द्वारा घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा।

### सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने किया प्रशिक्षित

सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने शुक्रवार को फेसिलेशन सेंटर में मतदान करवाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला सचिवालय के सभागार में प्रशिक्षित किया और उन्हें चुनाव की बारीकियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारियों को जिनकी ड्यूटी उनके लोकसभा क्षेत्र के बाहर लगी है। उन्हें फार्म 12ए भरकर देना होगा।

## सतीश बने भाजपा रादौर के शहरी प्रधान

- सर्वसम्मति से हुई पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



यमुनानगर। रादौर में पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। फोटो : हरिभूमि

भाजपा कार्यकर्ताओं की रादौर में आयोजित बैठक में शहरी इकाई का गठन किया गया। इस दौरान सतीश चौधरी को सर्वसम्मति से रादौर का शहरी प्रधान नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने की। कार्यकारिणी में दीपक मेहता, महक राव, सुंदर सैनी व विनय जिंदल को उपाध्यक्ष, सन्नी आर्य व विवेक गुन्दल को महांमत्री, रविंद्र गाबा, मंगतराम तथा गौरव चौहान को सचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह सचिन शर्मा को कोषाध्यक्ष, जसबीर जस्सी को सोशल मीडिया प्रभारी व नील कमल को आईटी सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया। जबकि कार्यकारिणी में सचिन राणा, राजेश चोपड़ा, संजीव पुरी, सचिन वालिया, कृष्ण कुमार, मनोज काका, प्रवीन वाल्मीकि को शामिल किया गया। पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

मौके पर हैप्पी खेड़ी, सुरेंद्र सिंह चीमा, चेयरमैन धर्मसिंह बंचल, राजकुमार शर्मा, राजबीर, सचिन राणा, विपिन कांबोज, राजेश चोपड़ा, सुंदर सैनीआदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : कश्मीरी

**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व अखिल भारतीय तकनीकी संस्थान नई दिल्ली के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के विश्वेश्वरैया सदन में गुरुवार को ह्यलोकमत परिष्कार और आत्मनिर्भर युवा विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रभुसत्ता स्थापित करने के लोकतंत्र को मजबूत बनाना अनिवार्य है तथा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पूर्ण मतदान जरूरी है।

## गांव हथीरा में पीएनबी की ओर से कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) के निदेशक राय सिंह ने कहा कि पीएनबी आरसेटी द्वारा 7 मई से 27 मई 2024 तक जिले के सभी ब्लॉकों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विभिन्न गांवों का दौरा करके युवाओं को जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि थानेसर ब्लॉक के गांव हथीरा में 18 मई को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## मतदान के हक से नहीं रहेगा कोई वंचित

**पिहोवा।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इस अधिकार से कोई भी वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि सभी नागरिकों द्वारा मतदान किया जाए, इसके लिए 85 साल की आयु से अधिक मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके घर द्वार पर मतदान करने की सुविधा पंहुचाई जा रही है।

## कुवि के विधि संस्थान के 4 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विधि संस्थान द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट चार विद्यार्थियों का फिनलीफ लॉ फर्म मे चयन हुआ है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान ने विद्यार्थियों के चयन पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि चयनित विद्यार्थियों में निधि, वाणिका गुप्ता व प्रिया शामिल हैं।

### भगवान परशुराम कॉलेज में मतदाता जागरुकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित

# हम सबकी भागीदारी ही लोकतंत्र को करती है मजबूत : एडीसी

कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. वैशाली शर्मा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त एवं कॉलेज प्रशासक रहीं






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम कॉलेज कुरूक्षेत्र में मेरा पहला वोट, देश के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. वैशाली शर्मा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र रहीं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय के नोडल अधिकारी चुनाव, स्पोर्टस, एनएसएस, एनसीसी और समाज कार्य के विद्यार्थियों ने न केवल आसपास के शहरी क्षेत्र अपितु आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा मुख्यातिथि के रूप में आई है यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर डॉ. वैशाली शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सबकी भागीदारी ही लोकतंत्र को मजबूत करती है। हमें ना केवल स्वयं मतदान करना है बल्कि परिवार और आसपास के सभी मतदाताओं को भी जागरूक करना है।

उन्होंने सेल्फी प्वाईंट पर विद्यार्थियों के साथ सेल्फी ली और सिग्नेचर चार्ट पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने हस्ताक्षर दर्ज किए जिससे कि विद्यार्थी मतदान जागरूकता अभियान की सेल्फी ले सकें। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य को भी बधाई दी कि यह महाविद्यालय प्रशासन के साथ हर गतिविधि में उत्साह के साथ भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कैसल मॉल में हुए मतदाता जागरूकता अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कार्यक्रम बड़ा ही सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. कर्मजीत सिंह ने किया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी चुनाव डॉ. सुभाष शर्मा, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. सतीश कुमार, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. रमा शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा एवं युवा शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए : पवन

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा बाबैन खंड के गांव भैंनी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पवन मित्तल ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगो का, लोगो के लिए ओर लोगो द्वारा सरकार चुनी जाती है। हम सब को अपने मत का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए। मतदान करने की शपथ लेना आपके लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। यह न केवल आपके लिए बल्कि आपके समुदाय और राष्ट्र के लिए भी मतपेटी के माध्यम से भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने का वादा है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। गांव भैंनी की समाजसेवी महिला दायलो देवी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र के महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा मतदान कर देश की प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा अपनी को स्पांसर डाबर इंडिया द्वारा सभी महिलाओ को रियल जूस वितरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विक्की सैनी समीर सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना की वॉलंटियर स्नेहा मित्तल, राजकली, रितु, निशा, पिंकी, सरोज, मंजीत, मनोज, प्रिंस उपस्थित रहे।

# ब्रह्मसरोवर पर योग का महाकुंभ 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भारतीय योग संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान देसराज। फोटो : हरिभूमि

भारतीय योग संस्थान के प्रधान देसराज ने हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 की तैयारी में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं उनके द्वारा अधिकृत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा चयनित 100 संस्थाओं के सहयोग से 100 पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चयनित धरोहर स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से प्रतिदिन एक योग उत्सव आयोजित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 33वें दिन शेष रविवार, 19 मई 2024 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर धरोहर स्थल पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में यह उत्सव आयोजित करने का सौभाग्य भारतीय योग संस्थान को प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व महानुभावों को निमंत्रण भेजा गया है। पुरुषोत्तम पुरा बाग में प्रातः 6:00 से 8:00 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन प्रोटोकॉल अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा जिसमें सभी विभागों, स्कूली विद्यार्थियों व अन्य योग संस्थाओं के साधक भी भाग लेंगे।

## 18 मई को लोकसभा के दौरे पर भगवंत मान

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर सीएम नायब सिंह को घेरा। इस दौरान संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र और भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की टीम ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। इनमें प्रदेश महासचिव संजीव आसापुर, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष संजु नंबरदार, प्रदेश प्रवक्ता जयभगवान काला, प्रदेश प्रचार मंत्री सूरज कपूर, दिलबाग सिंह, गुरजेंट सिंह, शीशन बुरा नंबरदार, मनू बुरा, विपिन आलमपुर, रघबीर बिल्लू, सुनील बतान, बिंद्र चंद्र भानपुर, दिनेश किरमच, रोशन खेड़ी रामनगर, हेमराज तायल, नरेंद्र जोगनाखेड़ा, राजेश बूरा और सुमित संगरोहा समेत सैंकड़ों किसानों ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुरुक्षेत्र में लगातार प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा का दौरा किया था। जिसमें जनता का भरपूर समर्थन देखने को मिला।





मंदिर में स्थापित भगवान पक्षीराज की प्रतिमा व महंत बंसी पुरी। 17केयूके14

## आज से होगा भगवान पक्षीराज स्थापना दिवस समारोह

**पिहोवा।** मॉडल टाउन स्थित श्री दक्षिणा काली पीठ मंदिर परिसर में भगवान शिव के छठे शरभ अवतार आकाश भैरव पक्षीराज प्रकटोत्सव एवं स्थापना दिवस समारोह बड़ी श्रद्धा व निष्ठापूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं श्री दक्षिणा काली पीठ के संस्थापक महंत बंसी पुरी के सानिध्य में मनाया जाने वाला यह भव्य महोत्सव संतो के प्रवचन, जनकल्याण व विश्व शांति हेतु जप, अनुष्ठान, यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि 18 से 21 मई तक चार दिवसीय यह धार्मिक कार्यक्रम श्री दक्षिणा काली पीठ संचालन समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में उच्च कोटि के संत महात्मा, गणमान्यजन व भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महंत बंसी पुरी ने भगवान शरभ पक्षीराज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शरभ भगवान शिव का उग्र, प्रचंड एवं गुप्त रूप है।

# नि:शुल्क जांच शिविर में 124 मरीजों ने उठाया लाभ

- शिविर में मरीजों के एचबीए-1-सी, रेटिनोपैथी, नेफ्रोपैथी, ईसीजी जैसे सभी टेस्ट नि:शुल्क किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



**शाहबाद।** आयोजित शिविर में मरीजों की जांच करते डॉ. दीपक शर्मा।

रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में मधुमेह जांच शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रधान आशुतोष गर्ग उपस्थित रहे, जबकि प्रोजेक्ट चैयरमेन की भूमिका डॉ. दीपक शर्मा ने निभाई। प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि इस शिविर में 124 मरीजों ने निशुल्क जांच करवाई। शिविर में माइक्रो लैब्स लिमिटेड, सिपला और डॉ. रेड्डी कंपनी लिमिटेड के सदस्यों ने मरीजों के एचबीए-1-सी, रेटिनोपैथी, न्यूरोपैथी, नेफ्रोपैथी, ईसीजी जैसे सभी टेस्ट निशुल्क किए गए। डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि यह सभी टेस्ट बाजार में तकरीबन 6500/- रूपए के होते है, जिन्हें आज शिविर में रोटरी क्लब, शाहाबाद, माइक्रो लैब्स लिमिटेड , सिपला और डॉ. रेड्डी कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से निशुल्क किया गया है। उन्होंने बताया किया कि इन सभी टेस्टों की रिपोर्ट्स के बाद लाभ लेने वाले सभी मरीजों को इन दिक्कतों के बारे में सजग किया गया और आगे के इलाज के बारे में बताया गया।

# गवर्नमेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए गए सम्मानित



कुरुक्षेत्र। प्राचार्य सुखदेव सिंह।

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल डीग, कुरुक्षेत्र द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षाओं में मार्च,2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्षों के रिकॉर्ड ध्वस्त किए। इस बार विद्यालय द्वारा दसवीं में कम्पार्टमेन्ट सहित 97 प्रतिशत व पास में 91 प्रतिशत रिजल्ट दिया गया। अंजलि सुपुत्री सलिन्द्र ने 454 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। भूपिंदर कौर सुपुत्री निर्मल सिंह और आर्यन सुपुत्र धर्मपाल ने 395 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। 3 मेरिट व 20 प्रथम डीविजन के साथ कुल 65 में से 63 विधार्थियों ने अगली कक्षा में प्रवेश किया। इसी प्रकार बारहवीं कक्षा में भी कम्पार्टमेन्ट सहित 100 प्रतिशत व पास में 74 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करते हुए नया मुकाम हासिल किया। छात्रा नीतू सुपुत्री रामपाल ने 389 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। हर्ष भट्टी सुपुत्र दर्शन लाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंजलि सुपुत्री मदनलाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। अध्यापकों निवेदिता, गीता, राजेश, सीमा, रेखा रहे।

# रिश्वत देने पर प्रत्याशी पर होगा केस : शांतनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से नकदी ले जाकर उसका प्रयोग चुनाव में मतदाताओं अथवा किसी अन्य व्यक्ति को रिश्वत या प्रलोभन के उद्देश्य से करता है तो इस धनराशि को संबंधित प्रत्याशी के चुनावी खर्च के खाते में जोड़ने के साथ-साथ उस पर आपराधिक मुकदमा भी दर्ज करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने सहायक खर्च पर्यवेक्षक, फ्लाइंग स्क्वायड टीमों, स्टेटिक सर्विलांस टीमों, वीडियो सर्विलांस टीमों, वीडियो व्यूविंग टीमों, अकाउंटिंग टीमों, एमसीएमसी तथा एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग सैल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता की पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि धनराशि का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए होता पाया जाता है तो धनराशि प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोडकर संबंधित के खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। बैंक टीम भी धनराशि को इधर-उधर ले जाते समय आरबीआई द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगी। इस कार्य पर स्टेटिक सर्विलांस टीमें व फ्लाइंग स्क्वायड टीमें निरंतर नजर रखेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान होने वाली प्रत्येक मीटिंग, रैली व जनसभा की वीडियोग्राफी वीडियो सर्विलांस टीमों के माध्यम से करवाई जा रही है।

## रिसर्च स्कॉलर ने ओपन डे 2024 में पाया दूसरा स्थान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के रिसर्च स्कॉलर सुनील कुमार ने सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र इनफ्लिबनेट, गांधीनगर (गुजरात) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ओपन डे 2024 कार्यक्रम में दूसरा स्थान हासिल किया। इनफ्लिबनेट के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 16 मई को आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत के प्रतिभागियों को अकादमिक समुदाय के उपयोग के लिए नई प्रणालियों और प्लेटफार्मों पर अभिनव विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। बड़ी संख्या में प्रस्तुतियों के बीच, शीर्ष दस प्रविष्टियों को ओपन डे 2024 में अंतिम प्रस्तुति के लिए चुना गया था। सुनील कुमार के प्रस्ताव को सम्मानित पैनल द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# खंड लाडवा का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए गए सम्मानित



खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर।

खंड लाडवा का कक्षा 10 वीं तथा 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम पूरे जिले में अव्वल रहा। खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि खंड लाडवा के राजकीय विद्यालयों ने इस वर्ष बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। 10वी कक्षा में खंड के राजकीय विद्यालयों के 984 बच्चों में से 947 बच्चे पास हुए है। खंड का परीक्षा परिणाम 96.24% रहा। दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से श्रुति ने 97.5% अंक, द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा से खुशी ने 96.80% अंक, एवं तृतीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा से मधु ने 96% अंक तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा से आरती ने 96% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम भी जिले में अव्वल रहा। खंड के राजकीय विद्यालयों के 879 बच्चों में से 810 ने परीक्षा पास की तथा खंड का 92.15% परिणाम रहा। विज्ञान संकाय में खंड में प्रथम स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा से आतिल ने 91.80% अंक, द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहरा से सुकृति ने 91.60 प्रतिशत अंक तथा तृतीय स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा से तृषा ने 91.20% अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट से कविता ने 93. 02 प्रतिशत अंक, द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रहलादपुर से पल्लवी ने 93% अंक प्राप्त किए। तथा तृतीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा से अमृत कौर ने 92.2% अंक प्राप्त किए।

## डीएलएसए ने आमजन को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया गया है। जिसके तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और साथ ही मजदूरों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस कैंपेन के तहत पैनल अधिवक्ता रविंद्र कुमार व पीएलवी अमनप्रीत द्वारा गांव मछरौली व मदनपुर में लोगों को जागरूक किया गया।

## कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा डीएलएसए

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा जागरूकता कैंप चलाए जा रहे है। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता रजत सैनी और पीएलवी तनुज कुमार द्वारा लोगों को कुष्ठ रोग और जीवन बचाने में प्रथम मुखबिर द्वारा निभाई जा सकने वाली भूमिका के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत गांव जालखेडी. और जलालुद्दीन माजरा में लोगों को जागरूक किया गया। अधिवक्ता द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो एक प्रकार के बैक्टीरिया, माइकोबैक्टीरियम लेप्री के कारण होता है। यह रोग मुख्य रूप से त्वचा और परिधीय तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। उपचार न किए जाने पर यह रोग प्रगतिशील और स्थायी विकलांगता का कारण बन सकता है।

## कुरुक्षेत्र में दुनिया के दो बेहतरीन कौशल केंद्र स्थापित करेंगे : नवीन जिंदल



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा उम्मीदवार नवीन जिन्दल।

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा उम्मीदवार नवीन जिन्दल ने कहा कि उन्होंने युवाओं के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हुई हैं, जिन्हें लोकसभा चुनाव के परिणाम आते ही शीघ्रता से लागू किया जाएगा। इससे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिवर्ष हजारों युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा। नवीन जिंदल ने कहा कि वे सदा ही देश और प्रदेश की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को उचित दिशा देने की जरूरत है, जिसके लिए वे कुरुक्षेत्र में दुनिया के 2 बेहतरीन कौशल केंद्र स्थापित करेंगे। इन केंद्रों में हर साल 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान को स्थापित किया जाएगा। नवीन जिंदल ने कहा कि किसी भी देश की दशा और दिशा बदलने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होती है। ऐसे में इस बार भी लोकसभा चुनाव में युवा शक्ति अपनी अहम भूमिका निभायेगी और पिछले दो चुनावों की तरह इस चुनाव में भी एक बार फिर कमल का फूल खिलकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र में सीबीएसई के अंतर्गत 12वीं तक आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूल खोला जाएगा, जिसमें हॉस्टल की सुविधा भी होगी और स्कूल का सारा खर्च जिन्दल फाउंडेशन वहन करेगा। इसी तरह यशस्वी योजना भी चलाई जाएगी, जिसमें गरीब परिवारों की बेटियों को दसवीं व 12वीं कक्षा के बाद उनकी रुचि के अनुसार उच्च शिक्षा निशुल्क दिलाई जाएगी। दिव्यांग बच्चों के लिए जिन्दल आशा के तहत विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक सुविधाएं दी जाएंगी।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर किया लोगों को जागरूक

# हार्ट अटैक की वजह हाइपरटेंशन : डा. संजय

- 46% लोगों को अपने बढ़े हुए ब्लड प्रेशर कि जानकारी नहीं
- असंतुलित आहार से बढ़ता है ब्लड प्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभमि

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर दीप पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टाटकी में जागरूक कैंप का आयोजन किया गया। डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस, आयुर्वेद विशेषज्ञ ने कहा कि 46% लोगों को अपने बढ़े हुए ब्लड प्रेशर कि जानकारी नहीं हो पाती जिसके कारण इसको साइलेंट किलर के नाम से जाना जाता है। उच्च रक्तचाप के लक्षण, कारण उपचार व सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सिर दर्द, चक्कर आना, नजर कमजोर, थकान का अनुभव होना, छाती में दर्द, नाक में खून आना लक्षण देखने को मिलते है। असंतुलित आहार नमक का अधिक सेवन,जंग फूड तली भुनी हुई चीजों का अधिक सेवन, शराब, धूम्रपान, तनाव, अप्रयापत नींद, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों में कमी इन सब कारणों से ब्लड प्रेशर बढ़ता है इन्हीं कारणों को ठीक करने से बढ़ा हुआ उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। दही, लहसुन विटामिन सी युक्त भोजन, आंवला, तरबूज का सेवन, ध्यान, योग, प्राणायाम करने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो डॉ एसएम गुप्ता डीन ऑफ फैकल्टी, नीट कुरुक्षेत्र, विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ संगीता गुप्ता पानीपत ने कार्यक्रम में भाग लिया व बच्चों द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता का निरिक्षण करते हुए विजेता बच्चों को पुरस्कार व धन राशी से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो डॉ एसएम गुप्ता व प्रो डॉ संगीता गुप्ता ने विद्यार्थियों, टीचिंग व नॉन टीचिंग को सम्बोधित किया। डॉ संगीता ने विद्यार्थियों को पढ़ाई व खेलकूद कि उपयोगिता पर विस्तार से बताया। विद्यालय के चेयरमैन बैसाखी राम, कुलदीप सिंह मैनेजर,सविता सैनी प्रिंसिपल, नरेंदर कुमार, सिमरन कौर, बलविंदर,सोनिया इत्यादि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### देसी कट्टा व रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ क्षेत्र से अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी वैंकट को काबू किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान ही उससे अवैध हथियार जब्त किया गया।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। गांव कंगवाल के मनीष कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अप्रैल 2023 से 22 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी विकास उर्फ विक्की ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दुर्घटना में हुई मौत के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार को शामिल जांच किया है। गांव फतेहपुर के मोहित कुमार ने 16 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव बनौंदी के पास आरोपी अनिल कुमार कंटेनर चालक ने बलविंद्र सिंह की कार में टक्कर मार दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### 132 बोतल शराब व कार सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा व पारस को कुल 132 बोतल अवैध शराब तथा कार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों को नाकाबंदी के जरिए काबू करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दोनों आरोपियों को शराब के साथ काबू किया गया।

### पिकअप की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली चालक घायल

**कैथल।** तितरम मोड़ पर अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने एक ट्रैक्टर-ट्राली चालक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव देवबन निवासी हरेंद्र ने तितरम थाना में शिकायत दी कि 15 मई को शाम के समय वह ट्रैक्टर-ट्राली में तितरम मोड़ से जा रहा था। वहां पर अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने उसे टक्कर मार दी।

### मकान का ताला तोडकर 20 हजार रुपये चोरी

**कैथल।** जिले के गांव गोबिंदपुरा में चोर एक मकान से 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी रजवंत कौर ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 14 मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उनके मकान का ताला तोडकर 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी नायब सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसान आंदोलन के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में 22 को आयोजित होगा कार्यक्रम

# शंभू बॉर्डर पर किसानों की प्लानिंग, हरियाणा पंजाब में मतदान से पहले होगा बड़ा ऐलान

**बॉर्डर पर विशाल शैड लगा रहे हैं किसान, सहयोगियों को किया जा रहा है आमंत्रित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से ऐन पहले शंभू बॉर्डर पर डटे किसान बड़ा ऐलान करेंगे। इसके लिए बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है। अभी किसानों ने ऐलान को सार्वजनिक नहीं किया है। मगर माना जा रहा है कि केंद्र से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कोई रणनीति बनाई जाएगी। 22 मई को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी दिन किसानों को शंभू बॉर्डर पर डटे 100 दिन पूरे हो जाएंगे।

**लगाया जा रहा है विशाल शैड**

शंभू बॉर्डर पर मांगों को लेकर डटे किसानों ने 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए किसान यहां बड़ा शैड लगाने की तैयारी कर रहे हैं। शंभू बॉर्डर पर जेसीबी के जरिए खुदाई की जा रही है। टैंट लगाने के लिए बड़े गड्ढे खोदे जा रहे हैं। पहुंचने वाले किसानों को देखते हुए धूप से बचाव के लिए यह बड़ा शैड लगाया जाएगा। इस वाटर प्रूफ टैंट को लेकर जेसीबी की मदद ली जा रही है। इसको लेकर काफी संख्या में पाइप बॉर्डर पर पहुंच गए हैं। पाइपों को बॉर्डर पर दोनों और जमीन में गाड़ा जा रहा है। यह शेड ठीक उसी जगह लगाया जा रहा है, जहां पर किसान मजदूर मोर्चा ने अपना मंच बनाया हुआ था।

**मतदान से पहले होगा ऐलान**

लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा में 25 व पंजाब में एक जून को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान से ऐन पहले ही किसानों ने बड़ी मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में केंद्र सरकार के खिलाफ बड़ा निर्णय लेने की बात कही जा रही है। हालांकि किसान इस निर्णय को अभी सार्वजनिक करने से बच रहे हैं। किसान नेता सहयोगियों को इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील कर रहें हैं। किसान अपनी मांगों को लेकर भारी संख्या में पिछले 95 दिनों से यहां डटे हैं। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती तब तक वे शंभू बॉर्डर से हिलने वाले नहीं हैं।



**अंबाला।** शंभू बॉर्डर के पास सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

**भारी संख्या में जुटेंगे किसान**

भाकियू शहीद भगत सिंह के प्रवक्ता तेजवीर सिंह पंजोखरा ने बताया कि किसान आंदोलन के 100 दिन पूरा होने पर यहां बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए शंभू बॉर्डर पर विशाल शैड बनाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। मौके बड़ी तादाद में किसानों को जुटने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान से पहले तमाम किसान जत्थेबंदियां सरकार के खिलाफ ठोस निर्णय लेंगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ बर्बर तरीके से पेश आ रही है। हर किसान सरकार की जुल्म का जवाब देने के लिए तैयार बैठा है।

**दिल्ली जाने से हरियाणा सरकार ने रोका**

किसान कृषि कानून से जुड़ी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करना चाहते थे। 95 दिन पहले किसानों ने शंभू व खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाला था। इसके बाद किसानों ने हरियाणा के रास्ते दिल्ली जाने की योजना बनाई थी। मगर इससे पहले ही हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई। सरकार ने किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए शंभू बॉर्डर के पास भारी भरकम बैरिकेड लगा दिए। किसानों ने इन बैरिकेड को हटाने के भी प्रयास किए थे लेकिन खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की मौत के बाद किसानों ने अपने निर्णय को स्थगित कर दिया। इसके बाद किसान दोनों बॉर्डरों पर डट गए।

## जाति-धर्म के नाम पर समाज बांटने का काम न करें उम्मीदवार

- जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से फिर उम्मीदवारों के लिए जारी की गई गाइडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनैतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम न किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया न जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी नजर बनाए हुए है। एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 95 लाख तक की राशि का खर्च कर सकता है। जो उम्मीदवार चुनाव का खर्च जमा नहीं करवाता है तो उसे चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

## पांच आरोपियों को किया गया जांच में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार, बलविंद्र सिंह, मोहित, अमन कुमार व धर्म सिंह उर्फ मिन्नी को शामिल जांच किया है। गांव कलालटी के दीपक कुमार ने 21 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उससे अभद्र व्यवहार कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## खुद को भी करना होगा नशामुक्त

- आर्य गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्त अभियान के दौरान छात्राओं को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आर्य गर्ल्ज कॉलेज में शुक्रवार को 'नशा मुक्ति भारत अभियान'' तथा ''समान अवसर अधिकार सैल'' के द्वारा स्लोगन लेखन व व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि ''नशा मुक्त भारत अभियान'' सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाया गया है। नशीले पदार्थों का सेवन करने से मानव शरीर ही नहीं अपितु पूरी मानव जाति का नाश होता है। नशीले पदार्थों का प्रयोग करना कानूनी अपराध है। हमें शपथ लेनी चाहिए कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त करना है। उन्होंने समान अवसर अधिकार सैल के बारे में कहा कि हमें जीवन में कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। समान अवसर का अर्थ यह है कि विशेष समूहों के साथ भेदभाव किए बिना सभी को रोजगार, वेतन और पदोन्नति के समान अवसर देने की नीति होनी चाहिए। जाति, धर्म, लिंग जैसे अप्रासांगिक कारकों के आधार पर कोई भी अवसर निषेध न किया जाए। सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं में महिलाओं के अधिकारों का ध्यान रखा जाता है।





**अंबाला।** नशा मुक्त अभियान के दौरान शिक्षक व छात्र।

## रिहायशी कॉलोनियों में टूटी सड़कों से जनता बेहाल

- इनेलो की ओर से ईओ को दी गई शिकायत, बेहतर स्थिति वाली सड़कें न तोड़ने का किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पक्की बनी सड़कों को तोड़ने से लोगों की मुसीबत बढ़ रही है। इससे न केवल राहगीर परेशान हो रहे हैं बल्कि रिहायशी कॉलोनियों में भी हादसे हा रहे हैं। अब इनेलो की ओर से पक्की सड़कें तोड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसको लेकर इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने शुक्रवार को साथियों साहित नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह को लिखित मे शिकायत सौंपी। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों से जनता परेशान है। व्यपार मे पहले से ही मंदी है। सडकें तोड़कर दुकानदारी बिल्कुल चौपट हो रही है। विकास के नाम पर जनता के पैसों की जितनी बर्बादी अंबाला छावनी में हो रही है। अच्छी पक्की बनी सड़कों को दोबारा तोड़ने से अच्छा है यही पैसा उन सड़कों को बनाने मे खर्च किया जाए जिनकी हालात वर्षों से खस्ता है। विकास कार्यों के नाम पर छावनी में लूट-खसोट हो रही है। ठेकेदारों को भिन्न कार्य विभागों द्वारा आवंटित तो कर दिए जाते हैं लेकिन कौनसा ठेकेदार कैसे कार्यों को संपन्न कर रहा है? कौनसी सामग्री का प्रयोग कर रहा है? कितना सीमेंट डाल रहा है? कोनसी ईंट लगा रही है? यह कोई भी देखने वाला नहीं है। इसके साथ ही सत्ताधारी पार्टी के अनगिनत चौकीदार हैं लेकिन कोई देखने वाला नहीं। सबकुछ ऐसे चल रहा है मानो अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत सटीक व सत्यार्थ साबित हो रही हो।कई सडकें तोड़ी जा चुकी हैं जैसे खटीक मंडी वाली रोड, अनाज मंडी वाली रोड, क्रॉस रोड नंबर 6, सब्जी मंडी वाली रोड व अन्य सडकें शामिल हैं। इनमें अच्छी टाइल लगी हुई है, सबूत है उनको तोड़कर अब लुक वाली बनाने की बात की जा रही है। यह सोचने की बात है कि पहले यह सडकें लुक वाली ही बनी थी तब लुक वाली तोड़कर टाइल वाली क्यों बनाई गई थी ? यह सब जांच का विषय है। यह पैसा जनता का है नुकसान भी जानता का है किसी का व्यक्तिगत नुकसान नहीं है। स्ट्रॉम वाटर के समय पाइप डालते समय जनता के पानी व सीवर के कनेक्शन टूटे तब जनता के पैसे लगे अब फिर कनेक्शन टूटेंगे, फिर जनता का नुक्सान होगा।



**अंबाला।** ईओ से मुलाकात करते इनेलो नेता व अन्य।

## बेहतर भविष्य व देश के विकास के लिए करें मतदान

- एमडीएसडी कॉलेज में कार्यशाला के दौरान छात्रों ने रखे विचार, डॉ. चौहान बोली कमजोर व जरुरतमंदों की संसद में आवाज उठाने वाले उम्मीदवार का करें चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकसभा चुनाव में मतदान की जागरुकता को लेकर शुक्रवार को एमडीएसडी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला में सभी छात्रों ने अपने विचार रखे। कॉलेज की लाइब्रेरी डिपार्टमेंट की मुखिया डॉ. कौशल चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस कार्यशाला में हर छात्र ने खुद के बेहतर भविष्य व देश के विकास के लिए मतदान करने की बात कही। इस दौरान छात्रों ने दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। छात्र नताशा, जसप्रीत व गगनदीप ने बताया कि मतदान के जरिए हमें अच्छे नेता का चुनाव करना चाहिए। उस नेता का चयन करना चाहिए जिसमें सत्यनिष्ठा, आत्म-जागरूकता, साहस, सम्मान, करुणा और लचीलेपन के गुण हों। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षित उम्मीदवार को वोट देना चाहिए जोकि संसद में जनता की आवाज बन सके। देश के विकास की बात रख सके। छात्रों ने कहा कि नेता वह होता है जो एक निश्चित लक्ष्य को पूरा करने के लिए लोगों के समूह या व्यक्ति को निर्देशित और प्रेरित करता है। जो नेता होते हैं वह लोगों को सफलता के लिए आवश्यक पहल करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान डॉ. कौशल चौहान ने भी प्रखरता से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एक नेता जो दूसरों को सशक्त बनाता है, वह अपने कार्य क्षेत्र या विशेषज्ञता की ओर से कार्य करने की उनकी क्षमता को उजागर करता है। उन्हें बढ़ने और सुधार करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे नेता का चयन करना चाहिए जोकि हमेशा समाजसेवा के लिए तत्पर रहे है। कमजोर व जरुरतमंदों की अवाज बनकर उभरे है। समाज उपयोगी कार्य करे। इन सभी के साथ ही जनप्रतिनिधि में जनता के कार्यों के प्रति लग्न, उत्साह, बदलाव करने की सोच, शिक्षित, व विकासवादी विचारो के कारण हम सभी युवा साथियों के साथ मिलकर चले। साथ ही जनता के साथ जनता के सुख-दुख में खड़े रहकर जनता में विश्वास पैदा करे।



**अंबाला।** कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक।

## सूर्य ने उगली आग,16 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चली गर्म हवाएं

- आगामी तीन दिन तक पारा 44 डिग्री तक रहेगा और हीट वेव रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार सूर्य देवता के आग उगलने तथा 16 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा के गर्म थपेडों ने शुक्रवार को लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। वीवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 16 प्रतिशत व हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिनभर चली गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थों का प्रयोग करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी तीन दिन तक पारा 44 डिग्री तक रहेगा और हीट वेव रहेगी। शुक्रवार को दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता ने आग उगलनी शुरु कर दी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 32 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। हवा की गति सुबह के समय नौ किलोमीटर प्रति घंटा तो दोपहर को 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। दोपहर बाद अढाई बजे तापमान 44 डिग्री पार भी पहुंच गया। हवा का मिजाज भी काफी गर्म हो गया, जिसके चलते सड़कें व बाजार सुनसान दिखाई दिए और दिनचर्या भी प्रभावित हुई। गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरीः गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है।



### पदमा सिटी मॉल के विलेज वैजीटियन होटल की सीलिंग में आग से मचा हाहाकार

**कैथल।** शुक्रवार सायं करीब 6 बजे कैथल के पदमा सिटी मॉल के तीसरी मंजिल पर विलेज वैजीटियन होटल की सीलिंग में आग लगने से हा-हाकार मच गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही थाना शहर, थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही समय में दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। आग तीसरी मंजिल पर होने तथा आग के कारण धुआं फेलने के कारण दमकल कर्मचारियों को आग बुझाने में कडी मशक्की करनी पड़ी। बता दें कि पदमा सिटी मॉल छह मंजिला होने के कारण यहां प्रसिद्ध शो-रूम व कई सेंटर चलाए जा रहे हैं। जैसे ही तीसरी मंजिल की सीलिंग से धुआं निकलते दिखाई दिया तो तुरंत प्रभाव से पूरा मॉल खाली करवा दिया गया। आग को देखते हुए मेन मार्ग पर भारी भीड़ जमा हो गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### चौपालों में होने लगी राजनैतिक चर्चाएं, रोजगार की तलाश में युवा कर रहे पलायन

# मतदाता बोले हमें चाहिए वह सरकार जो दे सुरक्षा व रोजगार

सुभाष शर्मा ▶▶| मुलाना

चुनावी माहौल में अब चौपालों में भी खूब चर्चाएं हो रही हैं। चर्चाओं के इस दौर में हर मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट करने का मन बना रहा है। 25 को देश की संसद में जाने वालों के लिए प्रदेश के मतदाता वोटिंग करेंगे । यही सांसद अपने क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दिनों वोटरों को लुभाने के लिए सभी राजनैतिक पार्टियां जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। कहीं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है तो कहीं बड़ी जनसभाएं हो रही है। अगर हम देहात परिवेश की बात करें तो मतदाता की दिलचस्पी जनसभाओं की भीड़ बनने में अब नहीं रही। पहले मतदाता अपने नेता की बात सुनने जनसभाओं में जाते थे लेकिन अब परिवेश बदला है। मानों अब जनता को नेताओं के कथन में सच्चाई प्रतीत नहीं होती इसलिए वह भीड़ का हिस्सा बनने से बचने लगे हैं। ग्रामीण परिवेश में लोग राजनीति पर चर्चा खूब करते हैं। चाहे वह बार्बर की दुकान हो या किसी पनवाड़ी का खोखा या फिर गांवों में बनी चौपाल व छपाड या फिर किसी ताल का घाट। यहां खूब राजनैतिक चर्चाएं होती हैं। कौन सी पार्टी जीत रही है कौनसी हार रही है। किस पार्टी को कितना वोट मिलेगा यहां खूब चर्चाएं होती है। हालांकि अब इन राजनीतिक चर्चाओं में परिवर्तन आया है। पहले ग्रामीण स्थानीय मुद्दों की ही बात करते थे लेकिन अब उन के मुद्दे राष्ट्रीय हो गए हैं। अब चर्चाएं रोजगार,शिक्षा, स्वास्थ्य ,परिवहन, गरीबी ,देश सुरक्षा व विदेशों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर होती है। अब अगर हम बात करें शहरी क्षेत्र के मतदाता की तो वह अधिकतर चुप्पी साधे रहता रहता है। आम तौर पर शहरी मतदाताओं की राजनैतिक चर्चाएं या तो उन के कार्यालय, दुकान में या फिर शहर के पार्कों में होती है। पिछले कुछ चुनावों में देखने मे आया है कि शहरों में वोटिंग का ग्राफ घटा है। शहरों में पहले की अपेक्षा वोटिंग में कमी आई है। हालांकि सरकारें पूर्ण मतदान कराने को लेकर खूब प्रचार भी करती है। जनता का सरकारों पर घटता विश्वास इस कि वजह माना जाने लगा है।



**मुलाना।** चौपाल के बाहर सियासी चर्चा करते ग्रामीण।